मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-145
13/02/2023

मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में रोहतास जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 13 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में रोहतास जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम सदर प्रखंड के मोकर में राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय परिसर में नवनिर्मित छात्रावास भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने गंगा छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं के आवासन एवं दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। नवनिर्मित छात्रावास भवन के उद्घाटन के बाद अब इस आवासीय विद्यालय में छात्राओं की आवासन क्षमता 280 से बढ़कर 520 हो गई है। मुख्यमंत्री ने छात्रावास के प्रांगण में सिनगी दई उद्यान का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत सृजित तालाब का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगवा दें, ताकि लोगों को टहलने में दिक्कत न हो। कन्या आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के समक्ष छात्रा द्वारा नशामुक्ति पर आधारित गीत प्रतुत किया गया जिसे सुनकर मुख्यमंत्री काफी प्रसन्न हुये। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से संवाद कर विद्यालय में मिल रही सुविधाओं एवं पठन–पाठन के संबंध में पूरी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने सासाराम सदर प्रखंड के सेमरा ग्राम का भ्रमण कर सात निश्चय योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के तहत कराये गये विकास कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

जीविका, जिला उद्योग केंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, जिला सामाजिक सुरक्षा सह द्वियांगजन सशक्तिकरण कोषांग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत भी की। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सतत् जीविकोपार्जन योजना से गरीब तबके के परिवारों से जुड़ी महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। शराबबंदी लागू होने के बाद महिलाओं को नया जीवन मिला है। इससे घरेलू हिंसा बंद हो गई है और चारों तरफ शांति का वातावरण कायम है। जीविका और शराबबंदी से महिलाओं का जीवन काफी खुशहाल हुआ है। गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जीविका दीदियों बहुत अच्छा काम कर रही हैं। पूरी मजबूती के साथ आप अपने काम को आगे बढ़ाइये। सरकार आपकी हर संभव मदद करने के लिये तत्पर है। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत विभिन्न मदों में कुल 1,331 लाभार्थियों के एकीकृत परिसंपत्ति सृजन हेतु 3 करोड़ 49 लाख 4,390 रुपये का सांकेतिक

चेक एवं 8,559 जीविका स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषण हेतु 81 करोड़ 32 लाख रुपये का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना एवं जीविका सेल्फ हेल्प ग्रुप, रोहतास को सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया। कृषि यांत्रिकीकरण योजना अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र बैंक की चाबी मुख्यमंत्री ने लाभुकों को प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमिता में रुचि रखने वाले लोगों के लिये मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें 5 लाख रुपये का अनुदान एवं 5 लाख रुपये ब्याजमुक्त ऋण के तौर पर दिया जाता है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोग ले सकें इसलिये इसे और अधिक प्रचारित करायें।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह–जगह मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती अनिता देवी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमां खान, पंचायती राज मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधायक श्री फतेह बहादुर सिंह, विधायक श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, प्रधान सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण श्री पंकज कुमार, सचिव भवन निर्माण सह आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, सचिव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण श्री दिवेश सेहरा, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पुलिस उप–महानिरीक्षक रोहतास प्रक्षेत्र श्री नवीन चंद्र झा, जिलाधिकारी रोहतास श्री धर्मेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक रोहतास श्री विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******